पत्र सूचना शाखा
सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग, उ0प्र0
(राज्यपाल सूचना परिसर)
——————

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने राज्यपाल से भेंट कर उन्हें मुख्यमंत्री पद से इस्तीफा सौंपा

——————

राजभवन के समस्त अधिकारियों ने मुख्यमंत्री को जीत की बधाई दी

लखनऊः 11 मार्च, 2022

उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जी ने आज राजभवन, लखनऊ में राज्यपाल श्रीमती आनंदीबेन पटेल से शिष्टाचार भेंट कर उन्हें मुख्यमंत्री पद से इस्तीफा सौंपा।

इस अवसर पर राज्यपाल जी ने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के इस्तीफे को स्वीकार करते हुये, उन्हें अन्य व्यवस्था होने तक मंत्रिमंडल के साथ कार्यवाहक मुख्यमंत्री के रूप में यथावत शासन का कार्य देखते रहने का अनुरोध किया।

इससे पहले राजभवन के समस्त अधिकारियों द्वारा उन्हें विधान सभा सामान्य निर्वाचन–2022 में भारी बहुमत से पार्टी की विजय पर पुष्प गुच्छ भेंट कर बधाई दी।

——————

राम मनोहर त्रिपाठी/राजभवन (170/24)
सम्पर्क सूत्र 9453005360